तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

12 मां जेवरादाई के दरबार में आज लगेगा मेला दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

12 बंगोली अंचल में शादी की धूम...




# नाई-धोबी-बढ़ई के लिए 90 लाख में बनवाईं दुकानें, चार साल से 'पौनी-पसारी' में सन्नाटा

## बिरगांव निगम क्षेत्र में पसरा लगाने वाले भी हाट-बाजार जाने के लिए तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिरगांव नगर निगम सीमा में नाई-धोबी, बढ़ई, मनिहारी के व्यावसाय से जुड़े युवाओं को रोजगार देने की मुहिम चार साल से ठंडे बस्ते में है। निगम ने शासन के आदेश पर 90 लाख से ज्यादा खर्च करते हुए तीन जगह पौनी-पसारी के लिए दुकानें तो बनवा दीं, लेकिन इससे पहले बाजार की उपयोगिता नहीं जांची गई। व्यवसाय करने वालों से फीडबैक भी नहीं लिया, इससे बाजार बनने के बाद से खाली पड़ा हुआ है। कोई भी युवा पौनी पसारी में रोजगार के लिए दुकान खोलने तैयार नहीं हो रहा है। राजधानी से सटे बिरगांव नगर निगम में सुविधाओं का काफी अभाव है। यहां युवाओं को रोजगार देने उरकुरा, सरोरा और रावांभाठा में आबादी से दूर हाट-बाजार बनवाया गया, लेकिन यहां की दुकानें अब तक खाली पड़ी हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि दुकानें बनने के बाद भी यहां नाई, धोबी, बढ़ई, राजमिस्त्री तो दूर, सब्जी विक्रेता भी बैठने के लिए तैयार नहीं हैं। रात के अंधेरे में इसका फायदा नशेड़ी उठाते हैं। सुनसान इलाके में बाजार बनवाने से कोई लेने को तैयार नहीं है। इसके लिए तीन से चार बार प्रयास करने के बाद भी निगम के जिम्मेदार दुकानों का आवंटन नहीं कर पाए हैं। केवल शेड व चबूतरा होने से नाई, धोबी ही नहीं, बढ़ई, दर्जी तक बाजार में बैठने के लिए सहमत नहीं हो रहे, चूंकि उन्हें ग्राहकी नहीं मिल रही। दुकानों के निर्माण के बाद कई लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति नहीं सुधर पाई है।

### सड़क तक फैलाया पसरा बाजार सुनसान

*निगम सूत्रों ने बताया कि उरकुरा में सड़क के आसपास पसरा लगाने वालों की वजह से आने-जाने वालों को परेशानी होती है। इसे देखते हुए सब्जी बेचने वालों को हाट-बाजार में जगह देने का भी प्रयास किया गया। आबादी से बाहर होने से वहां ग्राहकी नहीं मिलने की स्थिति को देखते हुए छोटे सब्जी विक्रेता भी चबूतरे, बिजली, सफाई और शेड की सुविधा मिलने के बाद भी बाजार में जाने के बजाय सड़क पर ही पसरा लगा रहे हैं।*



### चुनाव के बाद मांगेंगे जवाब

सरकारी फंड का हाट-बाजार बनवाने में दुरुपयोग किया गया है। नाई-धोबी, बढ़ई तो दूर, पौनी-पसारी में सब्जी विक्रेता तक बैठने के लिए तैयार नहीं है। चुनाव के बाद निगम से जवाब मांगेंगे।

**- ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, ननि बिरगांव

### जल्द होगा आवंटन

सरकार की योजना के तहत दुकानें बनवाई गई हैं। इनका आवंटन करने के लिए नए सिरे से प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही इसे पूरा करने के बाद दुकानें आवंटित की जाएंगी।

**- बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, ननि बिरगांव

### पीडब्ल्यूडी ने बनवाया बाजार

निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई प्लानिंग के तहत 100 से ज्यादा युवाओं को स्थाई हाट-बाजार में बैठने के लिए शेड और चबूतरे बनवाए गए। यहां सब्जी विक्रेता और ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा भी है। इसके अलावा बिजली, पानी की सुविधा तथा लाइटें भी लगवाई गई हैं, लेकिन यहां लोगों के द्वारा चबूतरों का आवंटन नहीं लेने से सड़क के दोनों छोर पर पसरा लग रहा है। बाजार बसाने के लिए अब निगम ने प्रयास भी बंद कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### पति, सास, जेठ पर दहेज हत्या का केस

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पांच माह पूर्व एक नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। मानसी देवांगन की मौत पर उसके पति दिनेश, सास सुमित्रा तथा जेठ रमेश के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। दिनेश तथा उसके परिजन मानसी को कम दहेज लाने पर प्रताड़ित करते थे। 21 दिसंबर को उन लोगों ने मानसी के खाने में जहर मिला दिया। इसके बाद पेट दर्द की शिकायत होने पर मानसी को हमर अस्पताल में भर्ती कराया गया, दो दिन बाद 23 दिसंबर को दिनेश ने मानसी को उसके मायके सिमगा छोड़ दिया। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर मानसी की 25 दिसंबर को रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### ठेकेदार से बेवजह मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में ठेकेदार ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ अकारण मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ललित प्रजापति ने अजय ठाकुर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। ललित ने पुलिस को बताया कि वह राजातालाब में अपने ठेकेदार संगठन से जुड़े लोगों के साथ बात कर रहा था, इसी दौरान अजय उसके पास पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर अजय ने ललित के साथ मारपीट की।

### आफिस में धावा, कंप्यूटर समेत 30 हजार की चोरी

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित ई-साक्षरता केंद्र से गायब कंप्यूटर सहित 30 हजार की सामान चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। लोहार चौक पुरानी बस्ती में रहने वाले तेनसिंह नागेश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि विगत चार माह से उसका कार्यालय बंद था, जिसका फायदा उठाकर किसी ने सामान पर हाथ साफ कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पूजा, हवन, भंडारा सहित होंगे विविध आयोजन

# हनुमान जयंती आज : भगवा रंग से सजा मदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पवनपुत्र, संकटमोचन और भगवान शिव के रुद्रावतार भगवान बजरंगबली का जन्मोत्सव आज नगर में धूमधाम से मनाया जावेगा। इसके लिए सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज-सज्जा के साथ पूजा हवन भंडारा जैसे विविध आयोजन रखे गए हैं। प्रचलित मान्यता के अनुसार रामभक्त हनुमान को कलयुग के देवता और जल्द प्रसन्न होने वाले देवता माना गया है। हनुमानजी को भगवान शिव का 11वां अवतार माना जाता है। हनुमानजी के जन्म को लेकर दो तरह की धार्मिक मान्यताएं हैं। एक मान्यता के अनुसार हनुमानजी का जन्म चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। इसके अलावा कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भी हनुमान जयंती मनाई जाती है।

दरअसल भगवान हनुमान का जन्मोत्सव एक बार ही मनाया जाता है, जबकि दूसरी बार हनुमान जयंती को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान हनुमान का जन्म कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर और स्वाति नक्षत्र में हुआ था। इस तरह से हनुमानजी का प्रगट्यपर्व यानी हनुमान जयंती कार्तिक माह की चतुर्दशी तिथि को मनायी जाती है। वहीं हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जाता है। चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जन्मोत्सव मनाने के पीछे का रहस्य हनुमानजी के बाल्य अवस्था में एक कथा से जुड़ा हुआ है। हनुमानजी भगवान शिव के 11वें अवतार हैं और इन्हें अष्ट सिद्धियां और नौ निधियां प्राप्त हैं। इस कारण से हनुमानजी की शक्तियां बहुत अधिक मानी गई हैं।

हनुमानजी जब सूर्यदेव को निगल रहे थे, तब वहां पर पहले से राहु मौजूद था, जो सूर्यदेव को भी अपना ग्रास बनाना चाहता था। हनुमानजी द्वारा सूर्य को निगलते हुए देख राहु ने यह बात देवराज इंद्र को जाकर बताई। राहु की बात सुनकर इंद्रदेव क्रोधित हो गए और हनुमानजी को दंड देने के लिए उन पर वज्र से प्रहार किया। वज्र के प्रहार से हनुमान को दाढ़ी में चोट लगी और वे हीं बेहोश हो गए। जब यह बात पवनदेव को मालूम चली कि उनके पुत्र पर इंद्र ने वज्र से प्रहार किया वे क्रोधित होकर पूरे ब्रह्मांड की प्राण वायु को रोक दिया। समुची सृष्टि की प्राणवायु रुक जाने से सभी लोगों में हाहाकार मच गया। तब ब्रह्माजी ने पवनदेव का समझाते हुए हनुमान जी को जीवनदान दिया। ऐसी मान्यता है यह दिन चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि थी, जिस पर हनुमानजी को नया जीवनदान मिला था। इस कारण से हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।



### हनुमान जन्मोत्सव पर बन रहा अद्भुत संयोग

हनुमान जन्मोत्सव पर साल 2024 में सालों बाद अद्भुत संयोग बन रहा है। शास्त्रों के अनुसार, मंगलवार को दिन हनुमानजी को समर्पित माना गया है और साल 2024 में हनुमान जन्मोत्सव के दिन भी मंगलवार पड़ रहा है। मंगलवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण इस दिन का महत्व और बढ़ रहा है।

### शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के मुताबिक चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल को सुबह 3.24 बजे से आरंभ होगी और जिसका समापन 24 अप्रैल को सुबह 5.17 बजे हो जाएगा। इसलिए उदय तिथि को आधार मानते हुए हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। वहीं पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 3.25 बजे से शुरू होकर 5.18 बजे तक है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आज होंगे कार्यक्रम



**लवन।** नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में आज 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रातः 8 बजे हनुमानजी का अभिषेक, 9 बजे आरती, 12 बजे मध्यान महा आरती स्तुति गान तत्पश्चात भोग भंडारे का आयोजन किया गया है। शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन तथा रात्रि में युवा मंडली द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। मंदिर के सर्वराकार अखिलेश मिश्रा ने बताया कि हनुमानजी के कार्यक्रम में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# युवक पर प्राणघात हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



तेज गति से बाइक चला रहे युवक को मना करने पर चालक ने आवेश में आकर बांस के डंडे से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित सुदामा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

चौकी गिरोधपुरी थाना गिधौरी पुलिस ने बताया कि बरेली निवासी सुदामा प्रसाद साहू ने गांव में ही रहने वाले विकास पिता बद्रिका साहू जो तेज गति से बाइक चला रहा था, तो गांव में तेज गति से बाइक चलाने पर मना किया। इस बात से विकास साहू आवेश में आ गया और सुदामा प्रसाद की जमकर पीटाई कर दी। घटना पिछले दिनों 7.30 बजे की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 307 भादवि के तहत सुदामा प्रसाद साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी आजाद नगर पाथाबेड़ा जिला बैतूल मध्यप्रदेश का निवासी है,जो बरेली में निवास करता है।

# अनिमेष आत्महत्या मामले में एक गिरफ्तार बाकी की तलाश जारी

**महासमुंद।** शहर के महावीर कॉलोनी निवासी युवा इंजीनियर के आत्महत्या मामले में एक माह से अधिक समय के बाद सोमवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इंजीनियर के सुसाइड नोट में दर्ज अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जेल भेजे गए आरोपी का नाम शशांक उर्फ राजा जैन बीटीआई रोड निवासी होने की जानकारी पुलिस ने दी है। जांच में पूरा मामला रकम लेनदेन और ब्याज से जुड़े होने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को शहर के महावीर पार्क निवासी इंजीनियर अनिमेश रघुवंशी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में मृतक का फोन और सुसाईड नोट जब्त कर मामले की जांच की। सुसाईड नोट में शहर के नामचीन लोगों से काफी अधिक ब्याज दर पर पैसे उधार पर लेने और ब्याज देने को लेकर उनके दबाव की जानकारी प्राप्त हुई।


मृतक इंजीनियर

# द्वि-साप्ताहिक कोच्चुवेली एक्सप्रेस चार दिन रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गर्मी में बच्चों की स्कूल से छुट्टी होने के साथ ही कई परिवार पर्यटन, भ्रमण के लिए यात्रा की तैयारी में जुट जाते हैं। ऐसे में रेल प्रबंधन लगातार ट्रेनों को निरस्त कर यात्रा पर जाने वालों की परेशानी बढ़ा रहा है। रेल प्रबंधन ने इस बार कोरबा से कोच्चुवेली तक चलने वाली द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को चार दिन के लिए निरस्त कर दिया है। वहीं कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। कोच्चुवेली ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होगी, क्योंकि यह ट्रेन सालभर पैक चलती है।

# शिशुपाल पर्वत पर अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के सरायपाली क्षेत्र के थाना बलौदा अंतर्गत आने वाले ग्राम गेर्रा के शिशुपाल पर्वत से लगे पहाड़ी में आबकारी टीम सरायपाली द्वारा सोमवार को अवैध हाथभट्ठी महुआ शराब निर्माण पर कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पहाड़ी के उपर हाथभट्ठी में अलग-अलग स्थान में रखी 27 प्लास्टिक बोरियों में कुल 945 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 47250 रुपए एवं एक प्लास्टिक बोरी में पॉलीथिन में बंधा हुआ 20 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए कुल बाजार मूल्य 51250 रुपए को विधिवत कब्जे में लिया गया तथा महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। उक्त लावारिस सामग्री के स्वामित्व के संबंध में जानकारी न मिल पाने के चलते अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

# बसपा का चुनाव प्रचार कई गांवों में जनसंपर्क



**गोपालपुर।** लोकसभा जांजगीर-चांपा प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. रोहित डहरिया के लिए हाथी छाप में बोट मांगने के लिए गोपालपुर, रायकोना, मुड़पार, बिलासपुर, चोरभट्ठी, जोगेसरा, सरसीवां, धनगांव, सेन्दुरस का सघन दौरा किया गया, जिसमें लोगों ने समर्थन देने का विश्वास दिलाया। दयाराम खुराना ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी तक हम लोग भाजपा-कांग्रेस के सांसद को जिताते आए हैं, लेकिन हम लोगों ने उन्हें नहीं पहचाने हैं, क्योंकि हम लोगों के बीच में कभी नहीं आए, न की हम लोगों की समस्या को कभी सदन पटल पर रखे। डॉ. रोहित डहरिया को हाथी छाप में बोट देकर एक बार सेवा के लिए मौका देने की अपील की।

## चुनाव कार्य के लिए व्यस्त होंगी बसें, बुधवार से वाहनों का होगा टोटा

# आज से बसों का अधिग्रहण, चार दिनों तक सफर में होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लोकसभा चुनाव के लिए जिले की 275 बसों और 150 अन्य वाहनों को आज मंगलवार की शाम को कृषि उपज मंडी में खड़ी कर दी जाएगी। 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए दलों को केंद्रों तक पहुंचाने विभिन्न मार्गों में चलने वाली बसों के अधिग्रहण के बाद इन रूटों में संख्या नगण्य रह जाएगी। इससे जहां लोगों की आवाजाही पर प्रभाव पड़ेगा। वहीं, फिलहाल चल रहे शादियों की सीजन में बारात जाने के लिए वाहनों के लिए मारामारी मच जाएगी।

बता दें कि फिलहाल शादियों का सीजन चल रहा है। 18 से 26 अप्रैल तक विवाह के लिए लगातार शुभ मूहुर्त है। शादियों में बुक होने के कारण जिले के विभिन्न मार्गों पर चलने वाली बसों की तदाद कम हो गई है। वहीं, लोकसभा के प्रथम चरण के मतदान के लिए भी बसों को चुनाव ड्यूटी पर लगा दी गई थी। अब बुधवार से प्रदेश की बाकी 10 सीटों के लिए मतदान होना है। इसके लिए जिले की करीब 275 बसें और 150 छोटे वाहनों का चुनाव के लिए अधिग्रहण किया जा चुका है, जो मंगलवार की शाम से पिटियाझर मंडी में खड़ी कर दी जाएगी, जो मतदान दल कर्मों और सुरक्षा में तैनात जवानों को बूथ तक पहुंचाएंगे। वहीं कुछ बसों और वाहन चालकों को रिजर्व रखा जाएगा, ताकि आपातकाल की स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके।



### पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम रहेगा ध्वस्त

23 से 26 तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम ध्वस्त रहेगा। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। जिनके पास खुद के वाहन की सुविधा नहीं है और यात्री बस उनके आवागमन का बड़ा सहारा है। मतदान के तीन पहले से परिवहन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। परेशानी यही खत्म नहीं होगी। बड़े संकट का सामना उन परिवारों को करना होगा, जिनके यहां वैवाहिक कार्यक्रम तय हैं। लिहाजा सगाई और विवाह के लिए बसों की कमी के कारण बस मालिक चुनाव के कारण बुकिंग नहीं ले रहे हैं।

### चार दिनों तक यात्रियों को होगी समस्या

बस एसोसिएशन के राकेश चंद्राकर ने बताया कि 23 अप्रैल को चुनाव के लिए बसें खड़ी हो जाएंगी। इसके लिए पत्र भी मिल गया है। चुनाव के दौरान यात्रियों को समस्या होगी। तीन से चार दिनों तक बसें सभी रूट पर प्रभावित होंगी। 8 अप्रैल से ही शादियों के लिए भी बसें बुक हैं। चुनाव के दौरान ही शादियों के लिए बुक बसें प्रभावित हो रही हैं।

### रूटों में सिर्फ 20-25 बसें ही चलेंगी

परिवहन अधिकारी आरके के ध्रुव ने बताया कि विधानसभा चुनाव में जितनी बसें लगी थी। तकरीबन उतनी ही बस लोकसभा चुनाव के दौरान भी लगेंगी। अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। 275 बसों व 150 कार, ट्रक व छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। 23 अप्रैल से गाड़ियां खड़ी होंगी। विभिन्न रूटों में सिर्फ 20-25 बसें ही चलेंगी।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# राजभवन में पीएम मोदी का रात्रि विश्राम, पांच लेयर में रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री इस दिन राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद दूसरे दिन सरगुजा जाएंगे। प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की तैयारी तेज कर दी है। राजभवन के आसपास बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पांच से छह लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एसपीजी के जवान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में अलग से तैनात रहेंगे।

एसएसपी के मुताबिक प्रधानमंत्री के राजभवन में रात रुकने पर यहां मार्ग को सील कर दिया जाएगा। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा। राजभवन के अलावा आसपास के एरिया को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी होटल, धर्मशाला तथा लॉज में आने वाले विजिटर्स की पुलिस ने जानकारी मंगाई है। साथ ही शहर के एंट्री पाइंट की निगरानी बढ़ाने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

**ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन :** पुलिस अफसर के मुताबिक प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन तथा आसपास के एरिया को सेनेटाइज कर किलेबंदी की जा रही है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए जमीन से लेकर आकाश तक निगरानी व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन के तीन किमी. के रेडियस को ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। उस दिन इस क्षेत्र में कोई ड्रोन नहीं उड़ा सकता।

**खास बातें**

- राजभवन के रेडियस में 3 किमी एरिया तक ड्रोन उड़ाने पर रोक
- प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए एयरपोर्ट जाने वालों के लिए दो घंटे पहले पहुंचने की एडवाइजरी



### फोर्स का डिप्लायमेंट

अफसर के अनुसार प्रधानमंत्री के रायपुर प्रवास होने के बाद उनके एयरपोर्ट से राजभवन पहुंचने के मार्ग में पुलिस फोर्स का एक्स्ट्रा डिप्लायमेंट किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री के राजभवन पहुंचने के मार्ग में लोगों की आवाजाही पर रोक रहेगी। लोगों को परेशानी से बचाने रुट डायवर्ट किया जाएगा।

### ट्रैवल्स एडवाइजरी जारी करेगी पुलिस

पुलिस अफसर के मुताबिक प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए हवाई मार्ग से सफर करने वाले लोगों को सुबह तथा रात के समय फ्लाइट पकड़ने परेशानी से बचने दो घंटे पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से जिस रुट से निकलेंगे। उस समय उस मार्ग को बंद कर दिया जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट पहुंचने के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 34 पौवा देशी शराब जब्त धरा गया कोचिया

**रायपुर।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उरला पुलिस ने देशी शराब की अवैध बिक्री के आरोप में बजरंग नगर बीरगांव निवासी कालिया राउत को गिरफ्तार किया है। आरोपी क्षेत्र का पुराना बदमाश है, उसके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान उसके पास से 34 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। आरोपी पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### अज्ञात बाइक सवारों ने किया चाकू से वार

रायपुर। आजाद चौक थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवारों ने साइंटिफिक किताबों के सप्लायर पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, बीती रात 8.45 बजे समता कॉलोनी में इमरान उमरानी पर बाइक सवार अज्ञात युवकों ने नुकीली चीज से वार किया और मौके से फरार हो गए। इमरान ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है।

### थाने में हंगामा-तोड़फोड़ दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** मुजगहन थाने में हंगामा एवं तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा आसकरण गिलहरे निवासी अभनपुर को अवैध रूप से शराब बिक्री के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। इसी दौरान रात्रि 11.55 बजे आसकरण गिलहरे के अन्य साथी सोनू पाल, राजा, कमल नारंग, सोनू कोसले, इंद्र कुमार गायकवाड़, मिथुन, राहुल गिलहरे, विजय गिलहरे, मोनू तारक, शेष राज गोंड व अन्य साथियों द्वारा थाने पहुंचकर हंगामा किया गया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी एवं उपस्थित पुलिस बल से झूमाझटकी की गई एवं थाना परिसर में रखे गमलों में तोड़फोड़ करते हुए थाने के मेनगेट में लगी स्टील की रेलिंग एवं टेबल कुर्सी को तोड़फोड़ कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। दो आरोपियों आसकरण और इंद्रकुमार को गिरफ्तार किया गया।

### चौबे कॉलोनी-सड्डू में निशुल्क समर कैंप 1 मई से

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शांति भवन चौबे कॉलोनी में 1 मई से एवं शांति सरोवर सड्डू में 2 से 12 मई तक समर कैंप आयोजित किया जाएगा। प्रवेश निशुल्क रखा गया है। शिविर के लिए पंजीयन फार्म चौबे कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र में निशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा टेलीफोन के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। समर कैंप का शुभारंभ आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी संयुक्त रूप से करेंगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरों ने की पार

**रायपुर।** ऑफिस से दोपहर लंच पर घर गए युवक की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। गोपियापारा दंतेश्वरी चौक निवासी मनीष यादव ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत की है कि चार दिन पहले उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। खाना खाने के बाद जब वह वापस ड्यूटी पर जाने बाहर निकला तो बाइक गायब थी।

## लोकसभा चुनाव सहित बैठक व्यवस्था संबंधित कारणों से बदली गई हैं तारीखें

# रविवि ने बदले इतने टाइम-टेबल... थोक में छात्रों के पर्चे छूटे, प्रबंधन बोला- रहें अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के परीक्षा संबंधित बदलावों के कारण छात्र हलाकान हो गए है। कई छात्रों की परीक्षाएं इस कारण छूट चुकी हैं तो कई छात्र निर्धारित समय से विलंब से परीक्षा दिलाने केंद्रों में पहुंचे रहे। इसके कारण परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। उन्हें परीक्षा में फेल होने का डर सता रहा है। कई विद्यार्थी अवसाद में है। रविवि ने कई विषयों की परीक्षाओं में दो से तीन बार बदलाव किया है। इसमें लोकसभा चुनाव से लेकर महाविद्यालयों में बैठक व्यवस्था संबंधित कारण शामिल है।

- तारीखों के अलावा समय में भी बदलाव कर चुका है रविवि

हरिभूमि खास

इसके अलावा रविवि ने बाद समय परिवर्तन भी किया। दोपहर एक बजे होने वाली परीक्षा का समय बदलकर 12.30 कर दिया गया। इस कारण शुरुआती पर्चों में छात्र आधे घंटे देर से पहुंचे। हालांकि अधिकतर महाविद्यालय प्रबंधन ने मानवीयता दिखाते हुए छात्रों को परीक्षा में बैठने दिया, लेकिन लिखने के लिए आधे घंटे का कम समय मिलने के कारण कई सवाल छूट गए। शिकायत करने पर छात्रों को अपडेट रहने की सलाह दी जा रही है।

**केस 1**


*राजधानी की एक नियमित छात्रा का सेंटर कालीबाड़ी स्थित महाविद्यालय था। बीकॉम द्वितीय वर्ष के अंतर्गत कॉस्ट अकाउंटिग की परीक्षा पूर्व में 3 अप्रैल को ली जानी निर्धारित थी, लेकिन परीक्षाएं 2 अप्रैल को हो गई। छात्रा को इसकी जानकारी 2 अप्रैल को परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व हुई। परीक्षा समाप्त होने के 45 मिनट पूर्व वह महाविद्यालय पहुंची, लेकिन नियमतः छात्रा को परीक्षा दिलाने की अनुमति नहीं मिली। छात्रा ने परीक्षा छूटने की जानकारी अपने परिवार को नहीं दी है और अभी डिप्रेशन में है।*

**केस 2**

*बीकॉम द्वितीय वर्ष के ही अंतर्गत प्रिंसिपल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की परीक्षाएं 8 अप्रैल को ली जानी थी, बाद में इस परीक्षा के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की गई। नियमित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन के जरिए इसकी जानकारी मिल गई, लेकिन प्राइवेट छात्रों को इसकी सूचना नहीं मिल पाई। थोक में ऐसे छात्र रहे, जो 6 अप्रैल की जगह 8 अप्रैल को परीक्षा दिलाने पहुंचे।*

**केस 3**

*लगभग दो दर्जन छात्र परीक्षा छूटने संबंधित अपनी शिकायत लेकर रविवि पहुंचे। कुछ छात्रों ने कॉलेजों में भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। ऐसे में छात्रों को प्रबंधन का जवाब था कि वे बदलाव और परीक्षा संबंधित सूचनाओं को लेकर अपडेट रहें। किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने अथवा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र साल बर्बाद होने को लेकर चिंतित हैं।*



### बोनस का प्रावधान नहीं, विलोपित होंगे सवाल

समय-सारिणी में परिवर्तन के अतिरिक्त प्रश्नपत्रों में हुई गलतियों ने भी इस बार छात्रों को परेशान किया। जानकारों के अनुसार, ऑर्डिनेंस में बोनस अंकों का प्रावधान नहीं है। ऐसे में गलत पाए गए सवाल विलोपित होंगे। इसके पश्चात शेष सवालों और उनके उत्तर से छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा। बीकॉम, बीबीए तथा हिंदी जैसे बड़ी छात्र संख्या वाले विषयों में भी रविवि द्वारा इस बार त्रुटि हुई है। इस संदर्भ में छात्रों द्वारा कई बार विवि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन रविवि ने अभी तक प्रश्नों के विलोपन के संदर्भ में कोई निर्णय नहीं लिया है। इसे लेकर भी छात्रों का एक बड़ा वर्ग परेशान है।

### प्रस्तावित समय-सारिणी को लेकर लापरवाही

रविवि द्वारा अंतिम समय-सारिणी तैयार किए जाने के पूर्व प्रस्तावित समय-सारिणी तैयार की जाती है। इस टाइम-टेबल को संबंधित महाविद्यालयों को भेजा जाता है। किसी तरह की त्रुटि होने पर महाविद्यालय प्रशासन को इसकी सूचना रविवि को देनी होती है। त्रुटि सहित अन्य दिक्कतें होने पर भी रविवि को सूचित करना होता है। इस आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम समय-सारिणी रविवि द्वारा तैयार की जाती है। प्रस्तावित समय-सारिणी इस बार वायरल हो गई। कई छात्रों ने प्रस्तावित और अंतिम में फर्क नहीं कर पाए और प्रपोस्ड टाइम-टेबल के अनुसार ही वे परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे। इसे लेकर भी सतर्कता नहीं बरती गई।

## 17 साल पुरानी लांड्री मशीन में धुलाई से फट रहीं चादरें नई मशीन चुनाव के बाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले सत्रह साल से लगातार आंबेडकर अस्पताल के उपयोग में लाई जा रही लांड्री मशीन में धोने से चादरें फट रही हैं, इसे देखते हुए नई मशीन खरीदने की तैयारी की गई है। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से इस मशीन की खरीदी के लिए आचार संहिता के बाद टेंडर किया जाएगा।

- आचार संहिता हटते ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन करेगा टेंडर

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने अपने बजट में आंबेडकर अस्पताल की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरी करने के लिए राशि स्वीकृत की थी, जिसमें लांड्री मशीन की खरीदी भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में मौजूद बेड की चादरें, चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ की वर्दी तथा कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले कपड़े धोने के लिए जिस मशीन का उपयोग होता है, वह काफी पुरानी है। लगातार काम करने की वजह से उसके मोटर में आए दिन खराबी आने लगी है। साथ ही इसमें धुलने वाले कपड़ों की लाइफ में कमी आने की शिकायत भी मिल रही है। चिकित्सा अधीक्षक एसबीएस नेताम के अनुसार मशीन खरीदी के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है और आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर के माध्यम से नई मशीन की खरीदी की जाएगी।

# शहर में राहगीरों के लिए न छांव और न प्यास बुझाने ठंडा पानी, वॉटर एटीएम अब तक बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप ने जहां शहरवासियों को बेचैन कर दिया है, वहीं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और आउटर की कॉलोनियों से कामकाज के सिलसिले में आने-जाने वालों की परेशानी ये है कि पब्लिक प्लेस के रास्ते में न धूप से बचने छांव का ठिकाना है और न सूखे कंठ को तर कर ठंडे पानी का इंतजाम। हैरानी की बात ये है कि अप्रैल का अंतिम सप्ताह शुरू होने को है, पर निगम प्रशासन इस बार शहर में प्याऊ घर की व्यवस्था अब तक नहीं कर पाया। नगर निगम द्वारा शहर के 15 जगहों पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन सालों से बंद पड़ी है, जिसकी मरम्मत और संचालन के लिए टेंडर के माध्यम से एजेंसी तय की गई, पर वर्कआर्डर प्रोसेस में है। राजधानी में तेज गर्मी और गर्म हवाओं से राहत देने के मामले में निगम प्रशासन चूक रहा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सदरबाजार, मालवीय रोड सहित जोन दफ्तरों के आसपास अब तक प्याऊ घर शुरू नहीं हो पाए हैं। जबकि हर साल गर्मी के दिनों में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के साथ समन्वय कर गरीब व मध्यम परिवार को राहत देने नगर निगम प्याऊ घर की व्यवस्था करता है। इस बार निगम मुख्यालय से आयुक्त के आदेश के बाद भी शहर में गिनती के जगहों पर प्याऊ घर खुल पाए हैं, जो कि शहर की बसाहट और फ्लोटिंग पीपुल की संख्या के हिसाब से बेहद कम हैं।





### प्रोसेस में है वर्कआर्डर

15 लोकेशन पर बंद पड़ी वाटर एटीएम की मरम्मत कर इसके संचालन के लिए एजेंसी तय हो गई है। वर्कआर्डर प्रोसेस में है।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

### तीन जगह खोलेंगे प्याऊघर

पचपेड़ीनाका चौक, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड समेत एक अन्य जगह पर प्याऊघर खोलेंगे, अभी प्याऊ घर खोले नहीं गए हैं।

**- रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

### चार स्थानों पर प्रस्तावित

जोन-2 क्षेत्र में आंबेडकर अस्पताल के सामने प्याऊ घर खुल गया है। देवेंद्र नगर ओवरब्रिज के पास, जयस्तंभ चौक और रेलवे स्टेशन के बाहर स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से प्याऊ घर खोलना प्रस्तावित है।

**- आरके डोंगरे,** कमिश्नर, जोन-2

### दिए हैं निर्देश

सभी जोन अधिकारियों को पब्लिक प्लेस में जगह चिन्हांकित कर स्वयं के संसाधन अथवा एनजीओ के सहयोग से प्याऊ घर खोलने हेड आफिस से निर्देश जारी किए गए हैं।

**- विनोद पांडे,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

**शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजेगा निगम**

# गजराजबांधा तालाब का होगा सौंदर्यीकरण भूजल स्तर रीचार्ज करने लगाएंगे सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बोरियाखुर्द स्थित शहर प्राचीन गजराजबांधा तालाब के भूजल स्तर को रीचार्ज करने सिस्टम लगाया जाएगा। तालाब की सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण के साथ ही आसपास प्रकाश की व्यवस्था करने प्रस्ताव बनाकर नगर निगम राज्य शासन को भेजेगा। वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर के साथ स्थानीय रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर राज्य शासन का ध्यान गजराजबांधा तालाब के संरक्षण की ओर दिलाया। इस संबंध में राज्य शासन ने नगर निगम के माध्यम से प्रस्ताव मंगाया है।

- 125 एकड़ में फैला तालाब, 5 गांवों की निस्तारी का स्रोत

नगर निगम जोन-10 क्षेत्र में शामिल बोरियाखुर्द के गजराजबांधा तालाब के संरक्षण और संवर्धन के लिए नगर निगम का योजना विभाग प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजेगा। बोरियाखुर्द, डूंडा, कांदुल, सेजबहार, काठाडीह गांव के लोग इस तालाब के पानी से निस्तारी कर अपने खेतों की सिंचाई के काम में उपयोग करते रहे। पारंपरिक तालाब के पास नाले के माध्यम से आसपास के गांवों में खेतों की सिंचाई होती रही। बाद में रायपुर विकास प्राधिकरण ने कमल विहार योजना के तहत 104 एकड़ खाली जमीन को शामिल हुए 230 एकड़ क्षेत्र में गजराजबांधा तालाब सौंदर्यीकरण के साथ वहां पिकनिक स्पाट विकसित करने की योजना बनाई। इस दौरान 25 से 30 एकड़ क्षेत्र की जमीन पाटकर सड़क बनाने का ग्रामवासियों ने जमकर विरोध किया। योजना में खामियों के चलते प्रोजेक्ट फ्लॉप रहा। अबकी बार स्थानीय ग्रामवासियों के साथ मिलकर वार्ड पार्षद ने गजराजबांधा तालाब संरक्षित करने और उसकी भव्यता निखारने राज्य शासन का ध्यान आकर्षित कराया है।



### गहरीकरण पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण

योजना विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया, गजराजबांधा तालाब के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट बनाकर काम करने की योजना है। बड़े आकार का तालाब होने से वहां ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने सिस्टम लगाया जाएगा। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसमें तालाब की सफाई, गहरीकरण, भूजल स्तर बढ़ाने और तालाब के आसपास पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण किया जाएगा। तालाब सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था सहित प्राकृतिक जलस्रोत को कैसे सहेजा जाए, इस संबंध में भूजल वैज्ञानिकों और केंद्रीय भूजल बोर्ड के अधिकारियों के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रस्ताव तैयार होगा।

## महीनेभर पहले दिन में 3 बार दे रहे थे पानी, 15 दिन से शेड्यूल में कटौती

# 'जलसंकट' तीन टाइम पानी के प्लान की निकली हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोन-5 कमिश्नरी क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के दर्जनभर इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। पुरानी बस्ती थाने से लेकर लोहार चौक तक के क्षेत्र में जलसंकट से लोग परेशान हैं। ढीमरपारा, दानीपारा, मुरलीधर मंदिर के पास वाले क्षेत्र, गोवर्धन चौक, गजराज चौक, पटेल पारा, नवदुर्गा चौक, पर्थरापारा, गोपियापारा में पानी के लिए हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गई है। एमआईसी सदस्य व वार्ड पार्षद जितेंद्र अग्रवाल ने जलसंकट जल्द दूर न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दरअसल पुरानी बस्ती क्षेत्र में अमृत मिशन योजना के साथ ही रायपुर स्मार्ट सिटी ने 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए 2 हजार नए कनेक्शन लोगों के घरों व दुकानों में दिए। महीनेभर पहले इन सभी कनेक्शनों में सुबह 6 बजे, 11 बजे और शाम 6 बजे जल आपूर्ति नियमित रूप से होती रही। पिछले पंद्रह दिनों से पानी आपूर्ति के शेड्यूल में कटौती के साथ ही जल आपूर्ति करने से वार्ड में पानी का संकट गहराया है। वहीं वार्ड के ही एक बोरवेल के पानी में हानिकारक बैक्टीरिया की आशंका से नागरिक इस पानी का पीने के लिए उपयोग करने से हिचक रहे हैं। नलों की धार पतली होने और जल आपूर्ति के शेड्यूल में कटौती से भी लोगों में खासी नाराजगी है।

हरिभूमि फॉलोअप



**वॉल्व मैनेजमेंट में लापरवाही :** रायपुर स्मार्ट लिमिटेड के 24 घंटे पानी आपूर्ति प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है, उनके द्वारा 2 महीने पहले 24 घंटे पानी आपूर्ति की टेस्टिंग पूरी कर पानी आपूर्ति की जा रही है। इस लाइन में मोतीबाग टंकी से सप्लाई होती है। अब सारी गड़बड़ी केवल वॉल्व खोलने और बंद करने को लेकर हो रही है। यदि इसकी मॉनिटरिंग सही तरीके से हो तो जलसंकट की समस्या नहीं रहेगी।

### बर्तन लेकर पानी भरने उमड़ रही भीड़

जलसंकट प्रभावित इलाकों में नलों के सामने पानी भरने गुंडी, बाल्टी लेकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं अपनी पारी का इंतजार करते देखे जा सकते हैं। ऐसे में पानी टैंकर की डिमांड भी वार्ड पार्षद ने जोन कार्यालय और निगम मुख्यालय से की है। उनका कहना है कि वार्ड में अमृत मिशन की लाइन बैरनबाजार और ईदगाहभाठा पानी टंकी से कनेक्ट है। जबकि मोतीबाग पानी टंकी से रायपुर स्मार्ट सिटी की पाइपलाइन से पानी आपूर्ति की जा रही है। इस प्रकार 3 पानी टंकियों से जल आपूर्ति के बावजूद पानी की समस्या हो रही है।

# मंत्र में तारण और मारण दोनों शक्तियां समाहित : शंकराचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जगद्गुरु, शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि मंत्र में तारण और मारण दोनों की शक्तियां समाहित हैं। अतः मंत्र का जाप सावधानीपूर्वक शास्त्रोक्त विधि से करना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के प्रति अपराध हो जाने से अपराधबोध से मुक्ति कैसे मिलती है? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर रहते हैं, अतः ईश्वर के समक्ष अपनी गलती के लिए क्षमा प्रार्थना करनी चाहिए। सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था का शास्त्रीय विधि से पालन करने पर समाज की अधिकांश विकृतियों का समाधान हो सकेगा।रावांभाठा के सुदर्शन संस्थानम में आयोजित संगोष्ठी में जगद्गुरु शंकराचार्य ने इस आशय के उद्गार व्यक्त किए। पुरी पीठ और गोवर्धनमठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती रविवार को पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस से रायपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद जगद्गुरु सड़क मार्ग से सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम के लिए प्रस्थान किए। यहां प्रथम सत्र में शिष्यों एवं श्रद्धालुओं को पुरी शंकराचार्य महराज के दर्शनलाभ का अवसर मिला। द्वितीय सत्र में उन्होंने पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी की सांगठनिक बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठन के उद्देश्यों के अलावा चयन, प्रशिक्षण और नियोजन तथा हिंदू राष्ट्र निर्माण में उनके दायित्व विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# चिलचिलाती धूप से बुरा हाल, डिहाइड्रेशन ने दोगुनी की दवा बाजार में एनर्जी ड्रिंक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

40 डिग्री के पार हो चुकी गर्मी ने लोगों का बुरा हाल कर दिया है। चिलचिलाती धूप और गर्मी की वजह से डिहाइड्रेशन, पेट खराब होने जैसी शिकायतें बढ़ने लगी हैं। इसका असर दवा बाजार पर भी होता दिख रहा है। यहां इलेक्ट्रॉल, ग्लूकोज, ओआरएस समेत कई हेल्थ ड्रिंक की खपत बढ़ गई है। रिटेल दवा दुकानों में रोजाना 25 से 30 की संख्या में खपने वाले हेल्थ ड्रिंक अब 50-60 की संख्या में बिकने लगे हैं।

राज्य में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार हो चुका है और सुबह से कड़ी धूप लोगों को परेशान करने लगी है। इसके प्रभाव से शरीर में पानी की कमी, गैस्ट्रो, दस्त जैसी शिकायतें भी बढ़ने लगी हैं। इन दिक्कतों की वजह से होने वाली पानी की कमी को दूर करने के लिए चिकित्सक ग्लूकोज, ओआरएस जैसे एनर्जी ड्रिंक का उपयोग करने की सलाह दे रहे हैं।

शासकीय स्तर पर ओआरएस, इलेक्ट्रॉल पावडर की निशुल्क व्यवस्था स्वास्थ्य केंद्रों और मितानिन तथा आंगनबाड़ी स्तर पर है, मगर निजी चिकित्सकों द्वारा मेडिकल स्टोर्स से इसकी खरीदी करने की पर्ची आने वाले मरीजों को थमाई जा रही है। इसके प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से दवा बाजार में एनर्जी ड्रिंक की डिमांड काफी बढ़ गई है।

## इलेक्ट्रॉल, ग्लूकोज, ओआरएस समेत कई हेल्थ ड्रिंक दवा बाजार में

### ओपीडी में आ रहे मरीज

आंबेडकर और जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केंद्रों में गर्मी की वजह से डिहाइड्रेशन, बुखार तथा लू जैसे लक्षण वाले मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इन मरीजों की जांच के बाद आवश्यक दवाओं के साथ ओआरएस समेत अन्य हेल्थ ड्रिंक का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। चिकित्सकों के मुताबिक अभी किसी मरीज को लू वार्ड में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है।



### इलेक्ट्रोलाइट्स संतुलित बनाए रखने की जरूरत

आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आरएल खरे के मुताबिक इलेक्ट्रॉल, ओआरएस सहित एनर्जी ड्रिंक शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखता है। गर्मी के दिनों में आमतौर पर शरीर में मौजूद पानी सहित अन्य तत्वों की कमी हो जाती है। इसलिए गर्मी के दिनों में पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ इस तरह के ड्रिंक का उपयोग करना आवश्यक होता है। तेज धूप से बाहर निकलने से पहले खुद को सुरक्षित करना भी आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर महाभंडारा और स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर लाहोटी मित्र मंडल ग्रुप द्वारा महाभंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सामने लाहोटी निवास में 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए मित्र मंडल ग्रुप के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, कृष्णा लाहोटी एवं ग्रुप के मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि हनुमानजी की 17 किलो की पीतल की बड़ी मूर्ति है, जिसकी आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 26 मिनट पर महाआरती के साथ भोग लगाया जाएगा। शिविर में डॉ. मनोज लाहोटी अपनी टीम के साथ आमजनों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

### प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार



**रायपुर।** शिवम एजुकेशनल एकेडमी इंद्रप्रस्थ रायपुरा में पेरेंट्स फेस्ट-2 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दादा-दादी और नाना नानी के लिए मेरी प्रतिभा (कहानी कथन), साथ ही अभिवावकों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इसके अलावा अग्निरहित भोजन बनाना, रंगोली, पुराने संसाधनों का उचित उपयोग आदि कार्यक्रम हुए। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा एवं विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडे समेत समस्त शिक्षक वृंद उपस्थित थे।

### वाहन चोर पकड़ाया

**रायपुर।** मकान के बाहर खडी एक्टिवा को चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नेवई पुलिस ने बताया कि 18 अप्रैल को आजाद मार्केट रिसाली निवासी चंदनलाल पटेल ने शिकायत किया है कि एक्टिवा सीजी 07 बीएल 3198 रखा था। अज्ञात ने वाहन को पार कर दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरा का त्रिनयन ऐप के माध्यम से खंगालना शुरु किया। संदेही एचएससीएल कालोनी रुआबांधा सेक्टर निवासी उपेन्द्र कुमार गिरी उर्फ विजय के रुप में शिनाख्त हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने वाहन को चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास पुलिस ने वाहन को जब्त किया।

### हनुमान मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, रामधन चंद्राकर, लता ढीढी, सरिता ढीढी, हेमा ढीढी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर के आसपास पर साफ-सफाई की गई।

### शिविर में 15 मरीजों का निःशुल्क उपचार



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबहरा में निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 15 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही दवाई दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ डॉ बीएस बढ़ाई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। शिविर में मेडिकल कालेज सह से टेकलाल नायक एमीई व टीम उपस्थित रहे।

## स्टेशन में जहां से यात्री करते हैं प्रवेश, वहां आरपीएफ और जीआरपी मौजूद नहीं

# स्टेशन की स्कैनर खराब, बगैर जांच यात्रियों की एंट्री, प्रचार सामग्री ले जाना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होते ही आरपीएफ और जीआरपी को स्टेशन व ट्रेन समेत यात्रियों का सामान जांच करने निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जवानों की कमी के चलते रेलवे स्टेशन में व्यवस्थित ढंग से जांच नहीं हो पा रही है। इस वजह से चुनाव में मतदाताओं को लुभाने वाली सामग्री ट्रेनों के जरिए भेजना आसान हो गया है। नियमानुसार स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर जवानों की मौजूदगी होनी चाहिए, ताकि हर यात्री और उसके सामान की जांच हो सके। हरिभूमि ने रविवार को स्टेशन का जायजा लिया। इस दौरान स्टेशन में कई जगहों पर अव्यवस्था नजर आई। मुख्य द्वार पर यात्रियों के सामान की जांच करने वाली स्कैनर मशीन खराब पड़ी है। मशीन का एक पाट्र्स नहीं मिलने की वजह से मरम्मत का काम अटका हुआ है। मशीन खराब होने से यात्री बगैर सामान जांच कराए आसानी से आवागमन कर रहे हैं। बैग की जांच नहीं होने से पता ही नहीं चल पाता कि उसके भीतर क्या है। जिस सिक्योरिटी द्वार से स्टेशन में यात्री प्रवेश कर रहे हैं, दिन के समय वहां किसी जवान की मौजूदगी प्रवेश द्वार पर देखने को नहीं मिली। रायपुर ए-वन श्रेणी स्टेशन में शामिल है। यहां से हर दिन 40 हजार से अधिक रेलयात्री आना-जाना करते हैं। शहरी सीमा के साथ ही ग्रामीण अंचल में पुलिस ने बैरिकेडिंग कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है, लेकिन रेलवे स्टेशन पर निगरानी तो दूर, एंट्री गेट पर भी जवान नजर नहीं आते।



### हर जगह जांच का दावा निकला झूठा

*हरिभूमि की टीम ने दोपहर 1 से 3 बजे स्टेशन में जांच व्यवस्था का जायजा लिया। दोपहर 1 बजे मुख्य द्वार पर एक ही जवान दिखाई दिया, वह भी यात्रियों के सामान की जांच नहीं कर रहा था। इसी तरफ वीआईपी गेट पर न मशीन दिखी और न जवान। आरपीएफ का दावा है कि स्टेशन में 24 घंटे जांच व्यवस्था जारी है, लेकिन जहां से यात्री स्टेशन में प्रवेश करते हैं, वहीं आरपीएफ और जीआरपी नजर नहीं आई। जीआरपी को मुख्यालय से करीब 15 दिन पहले नशे के सामान के परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने का निर्देश दिया जा चुका है।*

### बिना जांच स्टेशन में प्रवेश के 4 रास्ते

*बिना जांच कराए स्टेशन में प्रवेश यात्रियों के लिए बेहद आसान हो गया है। मुख्य द्वार पर केवल आरपीएफ की मौजूदगी होती है, लेकिन वीआईपी गेट पर जांच के लिए मशीन तक नहीं है और न ही जवान होते हैं। इसके अलावा एस्केलेटर मार्ग के जरिए भी यात्री जांच से बचते हुए सीधे प्लेटफार्म में पहुंच रहे हैं। गुढ़ियारी से प्रवेश द्वार में भी दिन और रात के समय आरपीएफ तथा जीआरपी के जवान यहां मौजूद नहीं रहते। ट्रेनों में जवान स्काउटिंग के दौरान जांच कर रहे हैं।*

### मुखबिर और कैमरे के भरोसे जांच

*आरपीएफ के पास जरूरत के अनुसार पर्याप्त बल नहीं है। ऐसे में आचार संहिता में भी जांच व्यवस्था मुखबिर और कैमरे के भरोसे ही चल रही है। आरपीएफ के मुताबिक ट्रेनों के पार्सल और स्टेशन में यात्रियों के सामान की जांच जारी है, जो मतदान तक जारी रहेगी। स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों के बैग की जांच ठीक से की जाए तो कई मामले सामने आ सकते हैं। अभी तक जांच में केवल गांजा बरामद हुआ है। प्रचार से जुड़ी कोई अन्य सामग्री नहीं मिली है।*

## स्मार्ट सिटी बनाने खोदी सड़क कॉलेजों का कनेक्शन कट परीक्षा के वक्त माथापच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गड्ढों से हलाकान हो चुके शहर में अब खुदाई का असर परीक्षा संबंधित कार्य में भी पड़ने लगा है। महाविद्यालयों में इन दिनों वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। कालीबाड़ी स्थित महंत कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों में वायर को अंडरग्राउंड करने कनेक्शन काट दिए गए हैं। इन्हें अंडरग्राउंड तो किया जा रहा है, लेकिन बगैर कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए ही स्मार्ट सिटी ने यह कनेक्शन काटे हैं। इस कारण कॉलेजों में इंटरनेट कनेक्शन बंद हो गए हैं। परीक्षा संबंधित कई जानकारियां महाविद्यालयों को ई-मेल अथवा इंटरनेट संबंधित अन्य जरियों से देनी होती हैं। व्यवस्था नहीं होने के कारण महाविद्यालय के प्रोफेसर्स अपने पर्सनल फोन के डेटा का इस्तेमाल कर सभी कार्य कर रहे हैं। इसके चलते कई तरह की समस्याओं का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, महंत कॉलेज सहित आसपास के कई कॉलेजों और स्कूलों का इंटरनेट कनेक्शन लगभग एक सप्ताह से बंद है।

### कर चुके शिकायत

महाविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि उनके द्वारा इसकी शिकायत संबंधित विभगा में की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई करने के स्थान पर सभी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। परीक्षा संबंधित कार्यों का भी हवाला दिया गया है, लेकिन अब तक कोई व्यवस्था नहीं की जा चुकी है। पत्र व्यवहार भी किया जा चुका है। कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक, बगैर कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए इन तरह से इंटरनेट सेवाएं बंद करने से परीक्षा के वक्त उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

### हम परेशान

परीक्षा के वक्त बगैर सूचना दिए इस तरह से इंटरनेट बंद नहीं किया जाना था। हम परेशान हैं। आसपास के अन्य शैक्षणिक संस्थान भी इस समस्या से जूझ रहे हैं।

**- प्रो. देवाशीष मुखर्जी,** प्राचार्य, महंत कॉलेज

# रस्सी से गला घोंटकर युवक की हत्या, जांच में उलझी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिविल लाइंस क्षेत्र के राजा तालाब में एक युवक की नाड़े की रस्सी से गला घोंटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। युवक एक बिल्डिंग में किराए पर कमरा लेकर रहता था। वह मूल रूप से राजस्थान का निवासी है। पुलिस को आशंका है कि युवक की शनिवार देर रात हत्या की गई है। मृतक जिस किराए के कमरे में रहता था, वह खुला हुआ था। मौके पर एफएसएल की टीम ने पहुंचकर घटना की जांच की।

पुलिस के मुताबिक झंडा चौक स्थित पिंटू कुमार कुमावत के राधेश्याम कुमावत भवन में सेकेंड फ्लोर पर रामचंद्र कुमावत की लाश मिली है। रामचंद्र 17 अप्रैल को राजस्थान से लौटा था। रविवार सुबह देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसके साथी ने आवाज लगाई। फिर भी रामचंद्र ने दरवाजा नहीं खोला तो साथी दरवाजा खटखटाने लगे। इसी दौरान कमरे का दरवाजा खुल गया।

### सीसीटीवी फूटेज से पड़ताल

पुलिस के अनुसार रामचंद्र किसी ठेकेदार के अंडर में काम करने अपने साथियों के साथ यहां आया था। रामचंद्र के साथी रायपुर आने के बाद बिलासपुर चले गए। ठेकेदार ने पुलिस को बताया कि रामचंद्र ने शनिवार रात कॉल कर पैसों की मांग की थी। घटना के बाद पुलिस ने बिल्डिंग के बाहर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की। उसमें रामचंद्र के रात में आने के फूटेज मिले हैं। इसके अलावा अन्य किसी का फूटेज नहीं मिला है।

# जनसंपर्क के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान, 4 विभूतियों को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) रायपुर चैप्टर के सदस्यों द्वारा एक निजी होटल में रविवार को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पद्मश्री भारती बंधु और टीम द्वारा प्रस्तुत कबीर भजन के माध्यम से हुई। पीआरएसआई ने जनसंपर्क के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. दानेश्वरी सम्भाकर, रुखसार परवीन, सी. विद्रुम्न वाचस्पति भारती और पीयूष शर्मा को प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया।



इस मौके पर पूर्व आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी ने सनातन मूल्य और उभरते भारत में जनसंपर्क की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि हम सनातन मूल्य की बात करते हैं तो उसका तात्पर्य उस हिंदू धर्म से है, जिसका पालन सामान्य हिंदू परिवार करते हैं। वैदिक ग्रंथों में जीवन मूल्य शब्द नहीं है, मूल शब्द अंग्रेजी की वैल्यू के कारण आ गया है। ग्रंथों में तो जीवन मूल्य का अर्थ पुरुषार्थ है। वैदिक ग्रंथों में जीवन मूल्य का अर्थ पुरुषार्थ की बात कही है, ये 4 प्रकार के हैं धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। यही हमारे सारे संघर्ष के आधार हैं। जीवन की इच्छा और जीवनभोग इसी पर हमारा इमरजिंग इंडिया भी आधारित है। हमारी क्या जीवन इच्छा है और क्या जीवन भोग करना चाहते हैं। इसी आधार पर हम इमर्जिंग भारत की बात करते हैं। जनसंपर्क दिवस पर सनातन मूल्य और उभरते भारत में जनसंपर्क की भूमिका पर वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इकबाल, वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विश्वेश ठाकरे, अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव, अध्यक्ष पीआरएसआई रायपुर चैप्टर डॉ. शाहिद अली, बाबूलाल शर्मा और निधि अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे।

# फूड फेस्टिवल के अंतिम दिन इंडियन रोलर ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तीन दिवसीय स्वीप फूड फेस्टिवल का इंडियन रोलर बैंड के गीतों के साथ समापन हुआ। बैंड ने अपने प्रस्तुति में हम भारत है, भारत है मुझमें जैसे मतदान के लिए प्रेरित करने वाले गीत के माध्यम से अपील की। इस दौरान छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुकूल चुनई मड़ई निकालकर मतदान के लिए प्रभावी संदेश दिया गया। मड़ई में अलग-अलग स्लोगन लिखकर उसे मंच में स्थापित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि शहरी वोटर्स को मतदान बूथ तक ले जाने के लिए और एक सशक्त संदेश पहुंचाने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया। उन्होंने फूड फेस्टिवल में आए सभी लोगों से 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए अपील किया। कलेक्टर ने कहा कि आकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम होता है। इसमें महासमुंद के युवा बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वे खुद भी घर से निकले और अपने आस-पास के 10 लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सभी को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर सहित सभी अधिकारी चुनई मड़ई में परिवार सहित पहुंचे थे।





उल्लेखनीय है कि जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान जागरुकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया गया।

फूड फेस्टिवल में लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी एवं लोगों ने आयोजन की जमकर सराहना भी किया। तीनों दिन खाने के शौकीनों के लिए अलग-अलग देशी और चायनीश फूड स्टाल लगाए गए हैं। यहां भी भारी भीड़ दिखी। फूड फेस्टिवल में लोग परिवार सहित आ रहे हैं। यहां बच्चों के लिए खेल जोन बनाया गया था, जहां बच्चों ने खूब मौज की।

Narayana Health | MMI
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के द्वारा
स्त्री कैंसर रोग एवं हृदय रोग ओपीडी
25 अप्रैल 2024, गुरुवार
डॉ. नेहा जायसवाल
स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ
सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक — जिला अस्पताल, बलौदाबाजार
दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक — श्री राम अस्पताल, बलौदाबाजार
डॉ. स्नेहिल गोस्वामी
हृदय रोग विशेषज्ञ
सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक — श्री राम अस्पताल, बलौदाबाजार
Our Network: 18 Hospitals | 4 Heart Centres | 14 Cities in India | 21 Clinics | 110+ Specialities
Take Care | MMI Narayana Hospital, Lalpur, Raipur
9827872666

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर युवक की पिटाई

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर नाराज बदमाश ने युवक की पिटाई कर दी। विधानसभा थाना क्षेत्र में स्थिति बीएसयूपी कॉलोनी में रहने वाले अनिल उइके ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दीप बघेल ने उससे पैसे की मांग की। उसने इनकार किया तो आरोपी नाराज हो गया और गाली-गलौज तक जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने इसका विरोध किया तो आक्रोशित बदमाश ने किसी वस्तु से उसके सीने पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,323 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सांप के डसने से तीन साल के बच्चे की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम केंदुढ़ार में सांप के काटने से तीन साल के बच्चे की मौत हो जाने के मामले में रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार सिमरण राणा पिता गोपाल राणा (3) निवासी ग्राम केंदुढार को सांप ने काट लिया था। परिवार के लोग बच्ची को शासकीय अस्पताल सरायपाली इलाज के लिए ले गए, यहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मौत होना जाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### लू लगने से एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने घटना सामने आया है। सूचना के अनुशार झिलमिला निवासी राजेश नंद ने पुलिस को बताया कि धर्मदेव प्रसाद पिता जगदेव प्रसाद 80 साल निवासी मिर्जापुर थाना रघुनाथपुर जिला सिवान बिहार हाल मुकाम झिलमिला सब्जी का धंधा करता था। उसे 3-4 दिन पूर्व से लू लगा था, पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### युवक से मारपीट, आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधुपाली में मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी विनोद साहू पिता राजेंद्र साहू (24) ने पुलिस को बताया कि आरोपी चंद्रशेखर बरिहा, कृष्णा कुमार साहू, रेखराम बरिहा, चंद्रमणि निषाद व उनके अन्य साथियों ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के डूमरडीह गांव में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी भूपेंद्र सोनवानी पिता राजेंद्र सोनवानी (30) ने पुलिस को बताया कि आरोपी श्रीराम महानंद, कमल महानंद, उमाशंकर महानंद, जर्गोतीन महानंद निवासी, खल्लारी ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म, 30 डिग्री पहुंचते ही 'वार्म नाइट' के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर समेत राज्य के कई शहरों में दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म होने लगी है। बादल छाने की वजह से 30 डिग्री से ज्यादा तापमान होने के कारण यहां वार्म नाइट की स्थिति बनने के आसार हैं।

रविवार को तिल्दा का तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं रायपुर का पारा 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। ईरान के ऊपर बने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज मध्य इलाके में बूंदाबांदी होने की संभावना बन रही है।

## तिल्दा 44.3, रायपुर में 41.2 डिग्री तापमान आज बूंदाबांदी संभव

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 41.2 |
| माना | 40.6 |
| बिलासपुर | 41.6 |
| पेंड्रा | 40.4 |
| अंबिकापुर | 39.4 |
| जगदलपुर | 37.5 |
| दुर्ग | 42.6 |
| राजनांदगांव | 42.0 |



### तापमान में हल्की गिरावट संभावना

वहीं एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है, इसके प्रभाव से सोमवार को राज्य के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना बन रही है। मामूली रूप से मौसमी बदलाव का असर रायपुर समेत मध्य इलाके में रहने की अधिक संभावना है। इसके प्रभाव से दिन के अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट आने के आसार हैं, मगर गर्मी में इसका ज्यादा असर नहीं होगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार राज्य में तेज गर्मी अपना असर दिखा रही है और अधिकतर शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है।

दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से अधिक हो गया है और रविवार दोपहर बाद छाए बादलों की वजह से अगले एक-दो दिन में रायपुर समेत कुछ शहरों में अप्रैल माह की सबसे गर्म रात बीतने की संभावना बन रही है।

रायपुर का न्यूनतम तापमान पिछले चौबीस घंटे में 27.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान के ऊपर स्थित है।

## आयोजन : मनोकामना के लिए जमीन नापते आते हैं श्रद्धालु

# मां जेवरादाई के दरबार में आज लगेगा मेला दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

मां जेवरादाई मंदिर सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले से महज 37 किलोमीटर दूर नगर भटगांव के समीप वनांचल पहाड़ियों पर ग्राम देवसागर में विराजमान है, जिसका मूल स्थान ग्राम जेवराडीह है। चैत्र पूर्णिमा में मां जेवरादाई का विशाल मेला लगता है, जिसे देखने देशभर के लाखों की संख्या में भक्तगण मां जेवरादाई के दरबार पहुंचते हैं। यहां पर आकर भक्तजन अपने मनोरथ, आशीर्वाद एवं मनोवांछित फल की प्राप्ति करते हैं। मां जेवरादाई जग जननी , दुखःहरती–शुखकरती एवं फलदायनी देवी है। यहां पर भक्त आकर अपने तमाम परेशानी रोग विकारो, गरीबी एवं बांझपन से मुक्ति पाते हैं। मनोकामना पूरी करने यहां दूर-दूर से लोग जमीन नापते आते हैं। वहीं मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में भक्तजनों का मनोरंजन के लिए झुला सर्कस, जसगीत कार्यक्रम एवं खेल खिलौने इत्यादि सभी रहते हैं। दूर–दूर से भक्तगण एवं राजा महाराजाओं का मां जेवरादाई के दरबार में यज्ञ पूजन के लिए आना जाना हमेशा था। भटगांव एवं सारंगढ़ के जमींदार जिनमें प्रमुख थे फलदायानी माता के सत्यता से सभी परिचित थे। भटगांव और सारंगढ़ के राजाओं की ख्याति दूर–दूर तक फैली थी, इन्होंने अपना राज्य माता के आशीर्वाद से कई कोसों तक फैला दिया था।मां जेवरादाई कोसम वृक्ष के नीचे विराजमान थी, जहां भैरव बाबा व अन्य देवी देवता विराजित थे। मां जेवरादाई प्रभात बेला में बैगा के घर से होते हुए एवं ठाकुर देव से मिलते हुए स्नान के लिए जाती थी, जिसका प्रमाण इस बात से मिलता है कि एक सुबह मांझी बैगा सोकर नहीं उठा था, इसलिए माता ने नाराज होकर उसकी पीठ पर जोरदार कोड़े मारा, जिसका निशान बैगा के पीठ पर मरते दम तक था। मां जेवरादाई के इन सब बातों को सुनकर एवं ध्यान में रखकर सारंगढ़ के राजा ने अपने राज्य में माता को विराजमान करने को सोंचा और एक दिन मां जेवरादाई के पास जाकर कहा कि मैं आपको ले जाकर अपने यहां सेवा करना चाहता हूं, मां जेवरादाई ने लाख मना किया, लेकिन राजा के नहीं मानने पर उसने राजा के सामने अपनी शर्त रख दी और कहा की एक पग पर मुर्गी एवं एक पग पर बकरा और भोर होने से पूर्व मुझे ले जा सकोगे, तभी मैं तुम्हारे साथ जाउंगी, अन्यथा वहीं रुक जाउंगी। सारंगढ़ के राजा ने माता के शर्त को स्वीकार कर लिया।यहाँ प्रतिवर्ष चौत्र पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगाया जाता है। मेला लगने के पीछे भी एक रहस्य है बताया जाता है एक दिन मेला खत्म होने के बाद बैगा माता के स्थान पर पूजा पाठ करके घर चला गया।



### चैत्र पूर्णिमा के दिन कोई नहीं रुकता माता के दरबार में

घर पहुंचते ही बैगा को पता चला की वह अपना खड़ग वहीं भूल गया है। खड़ग को लाने के लिए वह पुनः वापस माता के स्थान पर चला जाता है, वहां पर पहुंचते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई, वहां पर यह देखता है कि माता की इक्कीस बहनियां साथ–साथ खेल रही है और माता के सेवकगण बाघ, शेर, कटे बकरों के खून का रसपान कर रहे थे। माता को ज्ञात हुआ की बैगा वापस आ गया है उसने बैगा को बुलाकर कहा की आज के बाद यहां चैत्र पूर्णिमा की रात्रि को इस स्थान पर कोई नहीं रुकेगा, जाओ तुम्हे जीवनदान देती हूं कहकर बैगा को घर भेज दिया।

### भटगांव के जमींदार के स्वप्न में आई थीं माता

माता के शर्त के अनुसार सारंगढ़ के राजा मां जेवरादाई को ले जा रहे थे, तो मां ने अपने क्षेत्र के भक्तगण की प्रेम को समझते हुए भटगांव के जमींदार को स्वप्न दिया की मुझे सारंगढ़ के राजा अपने साथ ले जा रहा है, तुरंत आकर मुझे वहां जाने से रोक लो। राजा ने तुरंत उठकर अपने सेना एवं दलबल सहित मां जेवरादाई के तरफ चल दिए, जहां सारंगढ़ के राजा ले जा रहे थे, वहीं भटगांव के राजा के बिच युद्ध हुआ और युद्ध करते करते भोर हो गई, तो मां जेवरादाई ने सारंगढ़ के राजा को कहा की बेटा शर्त के अनुसार सुबह हो गई है अब मैं यही विराजमान हो जाती हूं, यही पर रहकर मैं सभी पूरे राज्य की रक्षा करुंगी, तो सारंगढ़ के राजा ने ठीक है कहकर माता जेवरादाई की नांक को काटकर अपने यहां अन्डोला – सारंगढ़ ले गया और जहां मां जेवरादाई विराजमान हुई वह स्थान आज देवसागर है और हिंगलाज माता के नाम से प्रसिध्द है।

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के लिए कलेक्टर ने तैयार की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी स्वीप कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने अब तक हो चुके मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप गतिविधियां कितनी प्रभावी हैं, लोगों तक उसका क्या प्रभाव पड़ा है। इस पर भी ध्यान देना होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है।



कलेक्टर को सभी अधिकारियों ने अभी तक हुए विभागीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर माइक्रो प्लानिंग करते हुए कौन–कौन व्यक्ति वोट नहीं डाला है। उनका डाटा निकाल कर उनको चिन्हित कर प्रेरित करने के लिए कहा। यह भी निगरानी करना है कि इससे मतदान कार्य कितना हो रहा है।

स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कितना प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी। इसके अलावा पलायन के लिए दूसरे राज्य या जिलों में कार्यरत लोगों को चिन्हित कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। बैठक में सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने आगामी वृहद स्वीप कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी, जिसमें आनलाइन शपथ पत्र, हस्ताक्षर अभियान एवं रिले रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने आगामी सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनके उचित प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, समस्त सीईओ, सीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बंगोली अंचल में शादी की धूम...



**बंगोली।** ग्राम बंगोली, कुर्रा, मूरा, धनसुली, रायखेड़ा, बरौण्डा आदि गांवों में शादी ब्याह की बाढ़ सी आ गई है। प्रत्येक गली मोहल्लों में ध्वनि यंत्र ब्याह गीत सुनाई दे रहा है। वहीं चिलचिलाती धूप में भी रिस्तेदारी के चलते लोग पहुंच रहे हैं। ज्वेलर्स एवं कपड़ा दुकानों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं बस स्टैण्ड में भीड़, मोटर सायकिल में भी तीन से चार सीट जा रहे हैं। प्रत्येक दिन गॉड़ा, निशान, दफड़ा, केसियो बाजा, शहनाई की गूंज सुनाई दे रही है।

# प्रचार में जुटीं रिजवान परवीन, ग्रामीणों से गिना रही न्याय की पांच बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया का लोकसभा में सघन दौरा कार्यक्रम और कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात लगातार जारी है। इसी बिच बिलाईगढ़ विधानसभा की कांग्रेस नेत्री रिजवाना परवीन का क्षेत्र में दौरा कर कांग्रेस की रीती नीति का प्रचार कर रही है। शिव डहरिया को जिताने आमजनों से मिलकर कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में बता रही है। इसी बिच बिलाईगढ़ अंचल के विभिन्न ग्रामों में महिलाओं और बुजुर्गों युवाओं को 5 न्याय के बारे में बताते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने न्याय यात्र कर देश को एक सूत्र में बांधने का और भाजपा द्वारा फैलाये नफरत को रोकने मोहब्बत की दुकान खोली है।

निश्चित ही देश की जनता राहुल के साथ खड़ी है। लोकसभा जांजगीर-चाम्पा के प्रत्याशी शिव डहरिया का पूर्व से ही इस लोकसभा के आमजनों से पुराना रिश्ता है और लगातार क्षेत्र में दौरा करते रहे हैं। इसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा।

रिजवाना परवीन ने बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे की तारीफ करते हुए कहा की कार्यकर्ताओं को एकसूत्र में समेट कर रखने वाली है और इनकी सक्रियता से कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह व्याप्त है। वहीं नारी न्याय के तहत महिलाओं को सालाना एक लाख देने का कांग्रेस का वायदा बहुत ही सराहनीय है, यही वजह है कि हम जीत रहे हैं।

# रियायती दर पर हेल्थ जांच का प्रोजेक्ट फेल जमीन तय, पर एजेंसियों ने नहीं ली दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी समेत राज्य के 14 नगर निगम के रहवासियों को रियायती दरों पर एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी महंगी डायग्नोस्टिक और ब्लड जांच की सुविधा देने की योजना तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो पाई है। योजना के तहत खाली शासकीय भवन में पीपीपी मोड पर जांच केंद्र खोले जाने थे, मगर टेंडर के दौरान एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई, इसलिए मामला ठंडे बस्ते में चला गया। शासकीय स्तर पर छोटी-मोटी जांच की सुविधा तो विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में मिल जाती है, मगर एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए लोगों को लंबा इंतजार अथवा ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। राज्य शासन द्वारा लोगों को किफायती दर पर इस तरह की जांच की सुविधा दिलाने के लिए पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप में पैथॉलॉजी लैब और डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने जाने की योजना करीब तीन साल पहले बनाई गई थी। इसके तहत नगर निगम को अपने क्षेत्र में बिना उपयोग वाले सामुदायिक अथवा अन्य शासकीय भवन को चिन्हित कर संबंधित एजेंसी को उपलब्ध कराना था, जहां कम कीमत पर लोगों को जांच की सुविधा मिल सके। योजना के तहत नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई थी कि शासकीय स्तर पर खाली भवन का जुगाड़ नहीं होने पर वे किराए पर भवन उपलब्ध कराएं। जगह का चुनाव कर रायपुर समेत कई नगर निगमों द्वारा इसका संचालन करने एजेंसी तय करने टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया गया, मगर संस्थानों के दिलचस्पी नहीं लेने की वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

## राजधानी समेत 14 नगर-निगम क्षेत्रों में खोलने की थी योजना

- खाली पड़े शासकीय भवनों में पीपीपी मोड पर खोले जाने थे जांच केंद्र



### राजधानी में दो जगह तय

राजधानी में इस योजना के तहत गांधी मैदान स्थित कांजी हाउस को पैथालॉजी और अग्रसेन चौक के जोन-7 भवन को एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी जांच की सुविधा देने के लिए चिन्हित किया गया था। एजेंसी आमंत्रित करने दो बार टेंडर भी किया गया, मगर कोई सामने नहीं आया। धीरे-धीरे कार्रवाई सुस्त हो गई और लोगों को निजी केंद्रों में जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की मजबूरी बनी रह गई।

### एमएमयू और हमर अस्पताल शुरू हुए

सूत्रों के अनुसार रियायती जांच सुविधा की योजना के कुछ समय बाद मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा शुरू की गई। यहां बीपी-शुगर सहित रक्त संबंधी कई तरह की जांच और बीमारियों का इलाज किया जाने लगा। इसके बाद हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक की योजना आ गई। इन स्थानों पर छोटी जांच का विकल्प मिला, मगर कम कीमत पर बड़ी जांच की योजना अधूरी रह गई।

### संस्थाएं ही नहीं आईं

डायग्नोस्टिक और पैथालॉजी सेंटर खोलने नगर निगम को जगह उपलब्ध करानी थी। स्थान चिन्हित किए गए, मगर टेंडर में किसी एजेंसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

- **राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता नगर निगम

